प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य के वित्त मंत्री ने केंद्र सरकार पर एसआरई फंड रोकने का लगाया आरोप, कहा– नक्सलवाद के खिलाफ अभियान हो रहा है प्रभावित, भाजपा ने किया पलटवार।
2. स्वास्थ्य विभाग से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में विधायक सरयू राय के खिलाफ आरोप गठित, विधायक ने पुलिस पर कानून के प्रावधानों की अनदेखी का लगाया आरोप।
3. रांची के कांके में हुए सबसे बड़े जमीन घोटाले की अब सीआईडी करेगी जांच, डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जारी किया आदेश।
4. बारिश से राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात, पलामू प्रमंडल में आज सभी स्कूल बंद, मौसम विभाग ने आज भी अधिकांश हिस्सों में बारिश और वज्रपात की जारी की चेतावनी।
5. राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता रांची में शुरु, पहले दिन बालिका वर्ग में उत्तरी और दक्षिणी छोटानागपुर का दबदबा।

********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने केंद्र सरकार पर नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा संबंधी व्यय एसआरई निधि और स्पेशल सेंट्रल असिस्टेंस स्कीम, एससीएएस की राशि पिछले दो वर्षों से रोकने का आरोप लगाया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने नक्सलवाद पर काफी हद तक नियंत्रण पाया है, लेकिन इसे अभी पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सका है। ऐसे में केन्द्रीय सहायता बंद कर दिये जाने से नक्सल विरोधी अभियान पर असर पड़ रहा है।

********************

वित्त मंत्री के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश भाजपा की प्रवक्ता राफिया नाज ने इन बयानों को विरोधाभासी और राजनीति से प्रेरित बताया।

********************

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय पर स्वास्थ्य विभाग से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में आरोप पत्र गठित कर दिया गया है। एमपी–एमएलए मामले के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने मामले की सुनवाई की। मौके पर विधायक सरयू राय भी मौजूद थे। इस मामले में 12 अगस्त से गवाही शुरु करने के आदेश दिये गये हैं। अदालत में पेशी के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री राय ने आरोप लगाया कि पुलिस ने कानून के प्रावधानों की अनदेखी की है। उन्होंने राजनीतिक दवाब में आरोप पत्र दाखिल करने का भी आरोप लगाया।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने कहा है कि सरकार किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इससे न केवल पिछड़े जिलों में फसल–उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि हमारे लिए खाद्य उपलब्ध कराने वालों की आय में भी बढोत्तरी होगी।

********************

राजधानी रांची के कांके में हुए सबसे बड़े जमीन घोटाला मामले की जांच अब सीआईडी करेगी। कांके थाने में दर्ज केस की जांच में एनआईसी और अंचल कर्मियों की संलिप्तता सामने आयी है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर अब इस केस को सीआईडी पूरी तरह टेक ओवर करेगी।

********************

हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने इचाक प्रखंड के आदिवासी बहुल सुदूरवर्ती गांव पुरनपनियां का भ्रमण किया। उपायुक्त ने ग्रामीणों से संवाद कर सड़क, पेयजल, शिक्षा व अन्य बुनियादी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने गांव की समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया है।

********************

साहिबगंज जिले में डिजिटल इंडिया मिशन प्रभावी तरीके से संचालित हो रहा है। इसके जरिये सुरक्षित और आसान लेन–देन को बढ़ावा मिला है।

********************

राज्य के कई जिलों में लगातार बारिश से हालात बिगड़ गये हैं। मौसम विभाग ने आज भी पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

*******************

64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता रांची में शुरु हो गयी है। पहले दिन हुए मुकाबलों में बालिका वर्ग में दक्षिणी और उत्तरी छोटानागपुर की टीमों का दबदबा रहा। बालिका अंडर 17 में दक्षिणी छोटानागपुर ने पलामू और कोल्हान को जबकि उत्तरी छोटानागपुर ने संताल प्रमंडल और पलामू को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर 17 बालक वर्ग में कोल्हान ने पलामू को और उत्तरी छोटानागपुर ने संताल परगना को हराया। अंडर 15 बालक वर्ग में दक्षिणी छोटानागपुर ने पलामू को और संताल प्रमंडल ने उत्तरी छोटानागपुर को शिकस्त दी।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बोकारो में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– जेपीएससी ने रिकार्ड मांगा, विश्वविद्यालय ने कहा– पुराने आवेदन पर प्रमोशन दें।

प्रभात खबर के शब्द हैं– झारखंड के 11 लाख 75 हजार लाभुकों को अगले हफ्ते एक साथ मिलेगी तीन माह की पेंशन।

हिन्दुस्तान लिखता है– रांची में लोन ऐप के जाल में फंसे युवक ने की खुदकुशी।

दैनिक जागरण ने सीएम के हवाले से लिखा है– सशक्त होकर आगे बढ़ रही माताएं–बहनें।

****************